ई.सी.ओ.–11

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# (बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
2021–22

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ.–11 : आयकर के मूल तत्व

जुलाई 2021 तथा जनवरी 2022 प्रवेश सत्र के लिए

इग्नू
जन–जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नईदिल्ली–**1100 68**

# वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
# ई.सी.ओ.–11: आयकर के मूल तत्व

## सत्रीय कार्य – 2021–22

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2021 और जनवरी 2022)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2021,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2022** तक है।

2. जो **जनवरी 2022,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2022** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **ई. सी. ओ. -11** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **आयकर कर मूल तत्व** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | **:** | **ई. सी. ओ. -11/टी. एम. ए./ 2021-2022** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** **(क)** श्री शकील एक्सेस लिमिटेड कंपनी में सेवारत है। ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 के अनुसार उन्होंने ग्रेच्युटी के 5,00,000 रु. प्राप्त किए। उन्होंने 31 मार्च 2021 को 27 वर्ष 9 माह सेवा के पश्चात् अवकाश ग्रहण किया। अवकाश प्राप्ति के समय उनका मासिक वेतन रु. 17,000 था। श्री शकील के करयोग्य ग्रेच्युटी की राशि करनिर्धारण वर्ष 2021 – 2022 की गणना कीजिए। **(10)**

**(ख)** 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु श्री जेम्स की आय का विवरण निम्न प्रकार है: **(10)**

| **विवरण** | **रु.** |
|---|---|
| मकान सम्पत्ति से आय (अगणित) | 2,10,000 |
| एकाकी व्यवसाय के लाभ एवं आय | 25,000 |
| व्यक्तियों के संघ के लाभ में हिस्सा जिस पर संघ ने कर चुका दिया है | 15,000 |
| आभूषण पर दीर्घकालीन पूंजी लाभ | 10,000 |
| अल्पकालीन पूंजी लाभ | 22,000 |
| अंशो के विक्रय पर दीर्घकालीन पूंजी हानि | (-)22,000 |
| एक भारतीय कंपनी से लाभांश (अंशों को व्यापारिक स्कन्ध के रूप में रखा गया है) | 6,500 |
| गत वर्ष की हानि की मदों को आगे लायें: | |
| व्यवसायिक हानियाँ | (-) 42,000 |
| मकान सम्पत्ति से हानि | (-) 260,000 |

वर्ष 2021- 22 हेतु मि० जेम्स की सकल कुल आय की गणना कीजिए।

**2.** **(क)** श्री राधेश्याम एक कम्पनी में कार्यरत हैं वह कंपनी से निम्नलिखित आय प्राप्त करते हैं – **(10)**

i) वेतन रु. 20,000 प्रतिमाह
ii) मंहगाई भत्ता रु. 2,000 प्रति माह
iii) चिकित्सा भत्ता रु. 5,000 प्रति माह
iv) बोनस दो माह के वेतन के बराबर राशि
v) कमीशन 20,000 प्रति वर्ष

निम्नलिखित अनुलाभ नियोक्ता द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

i) एक फर्राश व रसोईये की सुविधा जिसमें से प्रत्येक का वेतन रु. 1500 प्रतिमाह है।
ii) 1400 CC की एक की सुविधा जो कर्मचारी के निजी प्रयोग में है एवं उसका व्यय नियोक्ता वहन करता है।

iii) इटावा (10 लाख से कम जनसंख्या) में किराये से मुक्त मकान की सुविधा जो कि नियोक्ता के मकान का वार्षिक किराया मूल्य रु. 100,000 है।

iv) माली की सुविधा जिसका वेतन रु. 2000 प्रति माह है।

v) निजी प्रयोग हेतु मुफ्त गैस, बिजली व पानी की सुविधा जिसके लिए नियोक्ता ने गत वर्ष में रु. 20,000 का भुगतान किया है।

कर निर्धारण वर्ष 2021- 22 के लिए श्री राधे श्याम के कर योग्य वेतन की गणना कीजिए।

**(ख)** मि. अमित XYZ Ltd. कंपनी में कार्यरत हैं। उनका मूल वेतन रु. 15,000 प्रति माह और मंहगाई भत्ता रु. 5,500 प्रति माह (जो वेतन का भाग) मिलता है। उनका अंशदान मान्यता प्राप्त भविष्यनिधि में रु. 3000 प्रति माह और नियोक्ता का अंशदान बराबर है। उस दौरान उनको मिलने वाला ब्याज 8.5% प्रति माह उनके खाते में जमा हुआ। नियोक्ता ने किराया मुक्त आवास जिसका किराया नियोक्ता द्वारा देय रु. 6000 प्रति माह है। कर्मचारी की एक माह का अर्जित अवकाश मान्य है जिसका मूल्य रु. 17,000 देय है। मि. अमित की करनिर्धारण वर्ष 2021 -22 की गणना कीजिए। **(10)**

नोट : शहर की जनसंख्या 25,00,000 से अधिक है।

**3.** **(क)** श्री अनुपम के कर निर्धारण वर्ष 2021- 22 हेतु 'अन्य साधनों से आय' की गणना कीजिए। **(10)**

| | | **रु.** |
|---|---|---|
| i) | घुडदौड से जीत | 10,000 |
| ii) | ताश के खेल में हानि | 3,000 |
| iii) | शर्त से जीत | 25,000 |
| iv) | लाटरी की जीत की राशि | 66,500 |
| v) | टी. वि. कार्यक्रम में जीत की राशि (सकल) | 50,000 |

**(10)**

**(ख)** श्री शंकरलाल की आय का विवरण निम्नांकित प्रकार है:

i) इन्होने 1,000 रु. प्रति माह पर एक मकान किराये पर लिया एवं इसे पुन: 1,600 रु. प्रति माह किराये पर उठा दिया। इसके अतिरिक्त उनके निजी स्वामित्व के मकान से भी 5,000 रु. किराया प्राप्त हुआ।

ii) एक भारतीय कंपनी से लाभांश 4,000 रु. सकल।

iii) सट्टे के व्यापार से लाभ 6,000 रु. एवं क्रिकेट के सट्टे (जुए) से आय 500 रु.।

iv) श्री लंका में स्थित कृषि भूमि से आय 10,000 रु., यह आय भारत में नहीं लाई गई। कानपुर में स्थित कृषि भूमि से आय 18,000 रु.।

v) विधानसभा सदस्य के रूप में वेतन 30,000 रु. एवं दैनिक भत्ते 4,000 रु.।

vi) हिन्दू अविभाजित परिवार की आय में हिस्सा 8,500 रु.।

vii) सहकारी समिति से प्राप्त लाभांश 6,000 रु.।

श्री शंकरलाल की आय के अन्य स्त्रोतों से आय ज्ञात कीजिए।

**4.** **(क)** श्री आशीष के कोलकाता में तीन आवासीय मकान दिनांक 23 मई 2020 को 24,93,800 रु. को है। यह मकान उन्होंने 1 अप्रैल 2007 को 8,00,000 रु. में ख़रीदा। उन्होंने 30 मई 2020 को दिल्ली में अपने दमाद के लिए आवासीय फ्लैट 8,70,000 रु. में क्रम किया। 1 मार्च 2020 को अपना दिल्ली वाला फ्लैट 1310,000 रु. में बेच दिया। श्री आशीष के दोनों लेने देरों से होने वाले पूंजी लाभ की गणना कीजिए। क्या श्री आशीष अपने दूसरे मकान के बेचने पर धरा 54 के अंतर्गत छूट के हक़दार है वितीय वर्ष 2007-2008 और 2021- 22 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक 129 और 301 है। **(10)**

**(ख)** मि. राम किशन काफी, रबर एवं चाय की संपदा से आय प्राप्त करता है। उसकी एक नर्सरी भी है जिसमें वह पौधे उगाता है और बेचता है। 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले गत वर्ष की सम्पदा एवं नर्सरी की निम्नलिखित आय से कर निर्धारण वर्ष 2021 – 22 के लिए कर योग्य आय की गणना कीजिए। **(10)**

| | **रु.** |
|---|---|
| i) रबर निर्माण (Manufacturer of Rubber) | 8,50,000 |
| ii) काफी उगाकर निर्माण एवं संसाधित करना | 2,500,000 |
| iii) चाय निर्माण | 3,50,000 |
| iv) नर्सरी के पौधे बेचना | 1,00,000 |

**5.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए: **(4X5)**

**(क)** मनोरंजन भत्ता

**(ख)** मकान सम्पत्ति का वार्षिक मूल्य

**(ग)** अवयस्क बच्चे की आय

**(घ)** धारा 80QQB के अंतर्गत कटौती